## एक नजर में

### जीवन एक खेल है, हम खिलाड़ी हैं, सुख क्षणिक होता है आनंद चिरस्थायी होता है : मुनिश्री प्रणम्यसागरजी



**मंदसौर।** श्री दिगंबर जैन मुनि अर्हं योग प्रणेता श्री प्रणम्यसागरजी महाराज के प्रवचन प्रतिदिन प्रात: 8 से 9 बजे तक तार बंगला मंदिर परिसर में चल रहे हैं। बड़ी संख्या में सकल जैन समाज जन व नगर की विभिन्न संस्थाओं के गणमान्यजन प्रवचनों का लाभ ले रहे हैं। मुनिश्री प्रणम्यसागरजी ने 11 जून को धर्मसभा को संबोधित करते हुए सुख और आनंद के अंतर को स्पष्ट किया। आपने कहा अच्छा परिवार, पैसा और लग्जरी लाइफ को आप सुख मानकर आनंदित हो रहे हैं जबकि ये बाहर की दुनिया क्षणिक सुख प्रदान करने वाली है जबकि अपने स्वयं के अंदर की यात्रा ही हमें असली आनंद प्रदान करने वाली है। सुख थोड़े समय का होता है जिसमें तृप्ति नहीं अतृप्ति होती है जबकि आनंद अंतरंगता से प्रकट होता है और स्थायी होता है। आपने कहा जीवन एक खेल है, हम खिलाडी हैं। जिनको जीवन से प्रेम होता है वही सच्चा जीवन जीता है। मुनिश्री ने कहा मौज मस्ती घूमना फिरना आनंद नहीं है, आनंद तो अकेलेपन और शांत चित्त से प्राप्त होता है। जीवन का आनंद लेने के लिए एक उम्र के बाद बाहर की दुनिया को छोड़ भीतर की ओर जाने का प्रयास करें। खुद के लिए समय निकालें। क्योंकि आनंद भीड में नहीं एकांत में है, अमीरी में नहीं फकीरी में है। मुनिश्री ने अपने भीतर की यात्रा में आनंद की अनुभूति करने के लिए प्रेरणा प्रदान की। धर्मसभा का प्रारंभ अर्चना कोठारी व वंदना पाटनी द्वारा गाए मंगलाचरण के साथ हुआ। चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन व मुनिश्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य श्री नरेश दोशी परिवार व ी विनोद कुमार जितेन्द्र कुमार जैन कुच ?ैद को प्राप्त हुआ। मुनिश्री को शास्त्र भेंट करने का लाभ श्री राजकुमार अमित कुमार गोधा परिवार तथा विशुद्ध वर्द्धिनी महिला मण्डल को प्राप्त हुआ। मुनिश्री को श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त करने वालों में ब्रजेश जोशी, महामंत्री भगवानदास विजयवर्गीय, उपाध्यक्ष रमेश काबरा, तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण छापरवाल, जैन सोशल ग्रुप अध्यक्ष राजेन्द्र नाहर, संजय दोशी विशाल गोदावत, नीरज जैन, ओम चौधरी, राजेन्द्र चाष्टा, राजमल गर्ग, जगदीश काला, सुनील पाटनी, हैप्पी पाटनी, सनत गर्ग, नंदकिशोर अग्रवाल, शांतिलाल ब ?जात्या, विजयेन्द्र सेठी, नेमकुमार गांधी, भरत कुमार कोठारी, कोमल प्रकाश पंछी, गोपी अग्रवाल, ओम अग्रवाल, प्रो. अशोक अग्रवाल, विनोद सिंहल, जवाहरलाल जैन, दिलीप अग्रवाल, डॉ दीपक अग्रवाल आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। धर्मसभा का संचालन डॉ. चंदा भरत कोठारी ने किया।

## मीनाक्षी नटराजन का पर्चा निरस्त होने के विरोध में प्रदर्शन



**पिपलियामण्डी/मल्हारगढ़।** राज्यसभा चुनाव में पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में गुरुवार को मल्हारगढ़ में किसान नेता श्यामलाल जोकचंद एवं कमलेश पटेल के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान, मजदूर, महिलाएं, युवा एवं आमजन शामिल हुए।

गाडगिल चौराहे पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने नामांकन निरस्तीकरण को लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संवैधानिक व्यवस्था पर आघात बताते हुए निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की मांग की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रतीकात्मक पुतला दहन किया तथा रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। सभा को संबोधित करते हुए श्यामलाल जोकचंद ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता बनाए रखने पर जोर दिया तथा किसानों की समस्याओं, सहकारी संस्थाओं में हस्तक्षेप एवं लंबे समय से लंबित मंडी चुनावों का मुद्दा भी उठाया। कमलेश पटेल ने कहा कि यह मामला महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और लोकतांत्रिक अधिकारों से भी जुड़ा हुआ है। प्रदर्शन के दौरान कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति भी बनी। प्रदर्शनकारियों ने एक वाहन के कांच क्षतिग्रस्त होने एवं धक्का-मुक्की की शिकायत की, जबकि मल्हारगढ़ थाना प्रभारी अनिल रघुवंशी ने कांच टूटने के आरोपों को निराधार बताया। बाद में प्रशासनिक आश्वासन के बाद मामला शांत हो गया।

## समाजजनों को गालियां देने और जान से मारने की धमकी के आरोप में प्रकरण दर्ज

**भानपुरा। सूर्यवंशी कुमरावत तंबोली समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों को मोबाइल फोन पर कथित रूप से अश्लील गालियां देने तथा लाशें बिछवा देने की धमकी देने के मामले में पुलिस थाना भानपुरा ने एक व्यक्ति के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है।**

थाना प्रभारी रमेशचंद्र दांगी ने बताया कि समाज की एक बैठक के दौरान समाज के पदाधिकारियों ने समाज के एक नाराज सदस्य से उसकी आपत्तियों और नाराजगी को समझने के उद्देश्य से मोबाइल पर संपर्क किया था। आरोप है कि बातचीत के दौरान संबंधित व्यक्ति ने अभद्र एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को धमकियां दीं।

पुलिस के अनुसार, समाज अध्यक्ष शिवाजी बंबोरिया एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा की गई शिकायत तथा साक्षियों के कथनों के आधार पर आरोपी बालचंद पिता बाबूलाल बंबोरिया के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 296(बी) एवं 351(4) के तहत अपराध क्रमांक 210/2026 दर्ज किया गया है।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि आरोपी पिछले कुछ समय से समाज के विरुद्ध विभिन्न मंचों पर शिकायतें कर रहा था। समाज द्वारा कई बार उसे बैठकों में आमंत्रित कर उसकी बात सुनने एवं विवाद का समाधान करने का प्रयास भी किया गया, लेकिन सहमति नहीं बन सकी।

## रोटरी क्लब के तत्वावधान में कारूलाल सोनी परिवार ने कराया गौंवश को आहार




**मंदसौर। 11 जून 2026 को अधिकमास की एकादशी पर प्रात 10 बजे नाका नंबर 10 स्थित गोपालकृष्ण गोशाला, प्रतापग? रोड मंदसौर पर कारूलाल सोनी परिवार द्वारा रोटरी क्लब के तत्वावधान में गौवंश को हरे चारे का आहार करवाया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से केशव सत्संग भवन में विराजित स्वामी श्री सत्यवृत चैतन्य जी नमृदा तट उपस्थित थे।**

रोटरी क्लब भूपेंद्र सोनी अध्यक्ष, कपिल भंडारी सचिव ने बताया कि रोटरी क्लब मंदसौर के पूर्व अध्यक्ष श्री कारूलाल जी सोनी परिवार द्वारा अपने पिताश्री स्व.भुवानीलाल जी सोनी एवं मातुश्री स्व.गंगाबाई सोनी जी की स्मृति में गोमाता को गो ग्रास का आहार कराया गया है उनके द्वारा किय गये पुनित कार्य की रोटरी क्लब बहुत - बहुत सराहना करता है।

इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित स्वामी श्री सत्यवृत चैतन्य जी नमृदा तट ने कहा कि आज अधिकमास की एकादशी है इस दिन का विशेष महत्व है आज के दिन किये गये दान पुण्य के कार्य हमारे पापों का नाश करते है सोनी परिवार द्वारा किया गया कार्य अत्यंत पुनित है उन्हें खूब आशीर्वाद।

## मंदसौर से पुणे के बीच नियमित दैनिक रेल सेवा शुरू करने की मांग, रेल मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**मंदसौर।** अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र उदिया ने भारत सरकार के केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को एक पत्र भेजकर मन्दसौर और पुणे के बीच नियमित दैनिक रेल सेवा प्रारंभ करने की मांग की है। उन्होंने रेल मंत्री का ध्यान मन्दसौर जिला वासियों की एक बेहद महत्वपूर्ण जनसमस्या की ओर आकर्षित करते हुए इस रूट पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने का आग्रह किया है।

पत्र में बताया गया है कि वर्तमान समय में मन्दसौर और उसके आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग रोजगार, व्यवसाय, शिक्षा तथा अन्य विभिन्न कारणों से पुणे में निवास कर रहे हैं। इन लोगों को मन्दसौर और पुणे के बीच नियमित आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में दोनों शहरों के बीच ट्रेनों की संख्या बेहद सीमित है, जो सप्ताह में केवल एक या दो दिन ही संचालित होती हैं। इन सीमित ट्रेनों में मेवाड़ हमसफर एक्सप्रेस, मडुर जंक्शन-मैसूर स्पेशल ट्रेन, उदयपुर सिटी हमसफर एक्सप्रेस और यशवंतपुर से जयपुर एक्सप्रेस शामिल हैं, जो केवल साप्ताहिक या सप्ताह में बेहद सीमित दिनों के लिए ही उपलब्ध हैं। रेलवे सेवाओं की इस भारी कमी के कारण यात्रियों को लंबी वेटिंग सूची, टिकट कन्फर्म न होने की समस्या, अधिक खर्च वाले वैकल्पिक साधनों का उपयोग तथा आपातकालीन परिस्थितियों में अत्यधिक मानसिक और आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। त्योहारों एवं छुट्टियों के समय यह समस्या और अधिक गंभीर रूप धारण कर लेती है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र उदिया ने रेल मंत्री से विनम्र अनुरोध किया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस विषय को गंभीरता से लिया जाए और मन्दसौर से पुणे के बीच नियमित दैनिक रेल सेवा शीघ्र प्रारंभ की जाए।

## ताइक्कांडो, वुशु, कराते, पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट समर कैंप-प्रतियोगिता का समापन




**मंदसौर।** मिक्स मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन, मंदसौर के व्यवस्था प्रभारी विजय कोठारी ने बताया कि मिक्स मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन, मंदसौर एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में चल रहे 30वें ग्रीष्मकालीन ताइक्कांडो, वूशू, कराटे, पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट समर कैंप का 10 जून 2026 को शासकीय कन्या महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय, गांधी चौराहा में समापन समारोह एवं ग्रीष्मकालीन शिविर में भाग लिए खिलाड़ियों की प्रतियोगिता संपन्न हुई।

खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता में भाग लिया एवं अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। समर कैंप में खिलाड़ियो को सेल्फ डिफेंस के साथ वेपंस-चाइनीज तलवार (दाओशू), लठ (गुनशू), फरसा एवं ननचाकू का प्रशिक्षण दिया गया, जिसका खिलाडियों ने समापन समारोह में शानदार प्रदर्शन किया।

ग्रीष्मकालीन समर कैंप समापन एवं प्रतियोगिता समापन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी, मंदसौर के उपाध्यक्ष एवं मंदसौर जिला पिट्ठू एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री गौरव अग्रवाल, कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र धनोतिया, संस्था संरक्षक एवं भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अनिल कियावत, विशेष अतिथि जिला खेल और युवा कल्याण विभाग, मंदसौर के जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, क्षेत्रीय पार्षद प्रमिला गोयल, संस्था संरक्षक व शिक्षा विभाग के अधिकारी लोकेंद्र कुमार डाबी, महारानी लक्ष्मी बाई विद्यालय के व्यवस्था प्रभारी सुरेश चंद बोराना ने सभी विजेता खिलाडियों को पुरस्कार वितरित किए।

जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवडा ने अपने उद्बोधन में कहा कि खिलाडियों के लिए स्पोर्ट्स एक अच्छा प्लेटफॉर्म है, जिससे खिलाडी डिसिप्लिन के साथ-साथ अपना करियर भी बना सकता है। राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक अर्जित करने वाले खिलार्ड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए स्कॉलरशिप और स्पोर्ट्स कोटा से नौकरी का प्रावधान है, जिससे खिलाडियों का भविष्य उज्जवल है। खेल विभाग हर साल ग्रीष्मकालीन शिविर लगाता है, जिसमें बहुत सारे बालक एवं बालिकाएं भाग लेते हैं और प्रशिक्षक उन्हें निखारने का कार्य करते हैं, जिससे कैंप में अच्छे खिलाडी मिलते हैं।

**एक नजर** | **भगवान जगन्नाथ भक्त मिलन समारोह संपन्न**

## जीर्णोद्धार कार्य का सांसद व नपाध्यक्ष ने किया अवलोकन



**मंदसौर।** भगवान जगन्नाथ उत्सव समिति एवं मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में भगवान जगन्नाथ भक्त मिलन समारोह तथा सिद्ध स्थल पर चल रहे जीर्णोद्धार कार्य के अवलोकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर एवं नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने सहभागिता करते हुए मंदिर परिसर में चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण किया तथा भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी की आरती कर प्रदेश एवं नगर की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर समिति पदाधिकारियों ने बताया कि पशुपतिनाथ मंदिर के सामने शिवना तट स्थित भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी का यह सिद्ध स्थल लगभग 500 वर्ष से अधिक प्राचीन है। पुरी (उड़ीसा) के पश्चात मध्यप्रदेश में काष्ठ निर्मित प्रतिमाओं वाला यह एक विशिष्ट एवं आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार कार्य तेजी से प्रगति पर है। वर्तमान में पूर्वी द्वार के निर्माण का कार्य किया जा रहा है।

समिति द्वारा आगामी जुलाई माह में आयोजित होने वाली भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव की तैयारियां भी प्रारंभ कर दी गई हैं। भक्तों ने विश्वास व्यक्त किया कि जीर्णोद्धार पूर्ण होने के बाद यह धार्मिक स्थल और अधिक आकर्षक एवं सुविधायुक्त स्वरूप में श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध होगा। मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन कर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त कर रहे हैं।

# नीमच

## एक नजर में

### लोकतंत्र की आवाज दबाने का प्रयास, मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त करना संविधान की भावना पर प्रहार : मधु बंसल



**नीमच।** कांग्रेस नेत्री मधु बंसल ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सुश्री मीनाक्षी नटराजन के राज्यसभा नामांकन पत्र को निरस्त किए जाने पर गहरा विरोध व्यक्त करते हुए इसे लोकतंत्र और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध बताया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक मामूली और विवादित आधार पर नामांकन पत्र को अस्वीकार किया गया, वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। श्रीमती बंसल ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जिस मामले को आधार बनाकर नामांकन निरस्त किया गया, उसमें न तो कोई एफआईआर दर्ज है, न किसी सक्षम न्यायालय द्वारा दोषसिद्धि हुई है और न ही कोई अंतिम न्यायिक निर्णय आया है। केवल न्यायालय द्वारा जारी नोटिस या न्यायिक प्रक्रिया के प्रारंभिक चरण को आधार बनाकर किसी प्रत्याशी को चुनाव लड़ने से वंचित करना विधिक दृष्टि से अत्यंत विवादास्पद तथा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कांग्रेस नेता श्री विवेक तन्खा तथा डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने भी इस विषय पर स्पष्ट रूप से कहा है कि कानून की मंशा किसी तकनीकी या अस्पष्ट स्थिति के आधार पर लोकतांत्रिक अधिकारों को समाप्त करने की नहीं है। यदि कोई तथ्य विवादित हो या उसकी अलग-अलग व्याख्या संभव हो, तो उसका लाभ उम्मीदवार को मिलना चाहिए, न कि उसे चुनावी प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाए। श्रीमती मधु बंसल ने कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की भावना भी यही है कि नामांकन पत्रों की जांच निष्पक्ष और न्यायपूर्ण ढंग से हो तथा गैर-गंभीर या तकनीकी आपत्तियों के आधार पर उम्मीदवारों को अनावश्यक रूप से चुनावी प्रक्रिया से बाहर न किया जाए। देश के विभिन्न चुनावी मामलों में अनेक अवसरों पर नामांकन पत्रों से संबंधित आपत्तियों पर उम्मीदवारों को अपना पक्ष रखने अथवा आवश्यक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया है। झारखंड सहित कई मामलों में भी आपत्तियों पर तत्काल अस्वीकृति के बजाय विचार-विमर्श और परीक्षण की प्रक्रिया अपनाई गई। ऐसे में यदि किसी उम्मीदवार के नामांकन को बिना पर्याप्त अवसर दिए सीधे निरस्त किया जाता है, तो यह प्राकृतिक न्याय और निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया के सिद्धांतों पर प्रश्न खड़े करता है। श्रीमती बंसल ने कहा कि यह अत्यंत विडंबनापूर्ण है कि भारतीय जनता पार्टी एक ओर महिला सशक्तिकरण की बातें करती है, वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए किसी महिला उम्मीदवार को आगे नहीं बढ़ाया गया। इसके विपरीत कांग्रेस ने एक शिक्षित, अनुभवी और जनसेवा के प्रति समर्पित महिला नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त किया, लेकिन उनके नामांकन को विवादित आधारों पर निरस्त कर दिया गया।

### महेश नवमी का आगाज माहेश्वरी प्रीमियर क्रिकेट लीग से

**नीमच।** माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी का आगाज माहेश्वरी समाज नीमच के तत्वाधान मे माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा आयोजित रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता एमपीएल माहेश्वरी प्रीमियर लीग से दिनांक 15 जून सोमवार को शाम 07:00 बजे से माहेश्वरी भवन मे होगा। माहेश्वरी प्रीमियर लीग मे सभी मैच दुधिया रोशनी मे शाम को 7 बजे से खेले जायेंगे। प्रत्येक टीम मे 7 खिलाड़ी होंगे। फाईनल मैच 20 जून शनिवार को होगा।

## नीमच में पेयजल व्यवस्था सुधार के लिए 22 लाख के कार्य को मंजूरी

- बिजली कटौती से निपटने टंकियों पर लगेंगे जनरेटर
- नगर पालिका परिषद की विशेष पीआईसी बैठक में पाइपलाइन मरम्मत योजना स्वीकृत



**नीमच।** नगर पालिका परिषद की विशेष पीआईसी (प्रेसिडेंट इन काउंसिल) बैठक में शहर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए 22 लाख रुपये की लागत से पाइपलाइन मरम्मत एवं सुधार कार्य को सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की गई। बैठक नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा की अध्यक्षता तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) दुर्गा बामनिया की उपस्थिति में आयोजित हुई।

बैठक में शहर में बेहतर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पाइपलाइन सुधार संबंधी प्रस्ताव रखा गया, जिसे सभी सभापतियों ने सर्वसम्मति से स्वीकृत किया। स्वीकृति के बाद जल्द ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा ने बताया कि जलकल विभाग की पाइपलाइन मरम्मत के लिए विशेष निधि से 22 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पेयजल व्यवस्था शहर की मूलभूत आवश्यकता है और इसे बेहतर बनाए रखना परिषद की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि जल शोधन संयंत्र में लगा फिल्टर मीडिया लगभग 15 से 20 वर्ष पुराना हो चुका था, जिसके कारण गंदे पानी की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। वर्तमान में फिल्टर मीडिया बदलने का कार्य जारी है। कार्य पूर्ण होने के बाद आने वाले वर्षों में नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

बैठक में बिजली कटौती के कारण पेयजल टंकियां समय पर नहीं भर पाने की समस्या पर भी चर्चा की गई। अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि जलापूर्ति व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखने के लिए प्रमुख टंकियों पर जनरेटर लगाए जाएं। इस प्रस्ताव को सभापतियों का समर्थन मिला और आगामी परिषद बैठक में इस पर निर्णय लिए जाने की संभावना है।

## नीमच में फैटी लीवर जांच शिविर में 102 मरीजों ने लिया लाभ

**नीमच।** जिला चिकित्सालय नीमच द्वारा ग्लोबल फैटी लीवर दिवस के अवसर पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 102 मरीजों की फैटी लीवर स्क्रीनिंग एवं फॉलोअप किया गया। इस अवसर पर मरीजों को फैटी लिवर रोग के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ समय पर जांच एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

एनसीडी नोडल अधिकारी डॉ.मनीष यादव ने शिविर में उपस्थित मरीजों को फैटी लिवर की स्क्रीनिंग, दैनिक दिनचर्या, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित व्यायाम तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जिला चिकित्सालय नीमच में उपलब्ध फैटी लिवर से संबंधित नि:शुल्क जांच सुविधाओं के बारे में भी बताया।

डॉ. यादव ने बताया, कि फैटी लीवर एक 'साइलेंट डिजीज' है, जिसके प्रारंभिक चरण में सामान्यत: कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते। यदि समय रहते इसकी पहचान और उपचार न किया जाए तो यह आगे चलकर लिवर सिरोसिस, लिवर फेल्योर एवं लीवर कैंसर जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। नियमित स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श आवश्यक है। जिला चिकित्सालय नीमच द्वारा भविष्य में भी आमजन में गैर-संचारी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा नि:शुल्क जांच एवं परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन निरंतर किया जावेगा।

## भूतेश्वर महादेव मंदिर निर्माण को मिला जनसमर्थन, भूमिदान से लेकर लाखों रुपए का सहयोग

**सिंगोली।** नगर के प्राचीन एवं आस्था के केंद्र भूतेश्वर महादेव मंदिर के विकास एवं निर्माण कार्यों को गति देने के उद्देश्य से मंदिर परिसर में सर्वसमाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर निर्माण हेतु मुख्य कार्यकारिणी एवं विभिन्न समितियों का गठन किया गया तथा श्रद्धालुओं द्वारा उदारतापूर्वक दान की घोषणाएं भी की गईं।

बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष महेश तिवारी, उपाध्यक्ष सुनील सोनी, सचिव राजेश नागौरी, सह सचिव मदन धाकड़ (फोरू), कोषाध्यक्ष कमल शर्मा, सह कोषाध्यक्ष हंसराज खटीक, को नियुक्त किया गया।

बैठक में राजेश पिता कैलाश लोहार द्वारा मंदिर से सटी लगभग 15म120 फीट भूमि दान करने की घोषणा रही। इसके साथ ही मंदिर निर्माण के लिए महेश तिवारी, कमल शर्मा, गोविंद शर्मा, मोतीलाल धाकड़, शंकर लक्ष्यकार, दिनेश ठेकेदार एवं देवीलाल गुर्जर ने एक-एक लाख रुपये देने की घोषणा की। वहीं कन्हैयालाल जंगम ने 151 सीमेंट कट्टे देने का संकल्प लिया। इसके अतिरिक्त 21 हजार रुपये की कई रसीदें भी प्राप्त हुई हैं।

बैठक में मंदिर निर्माण कार्यों के संचालन हेतु अलग से मंदिर निर्माण समिति एवं चंदा समिति का गठन किया गया। दोनों समितियों में नगर के विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों को शामिल कर व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित की गई।

**एक नजर** | **ट्रायथल में स्वर्ण और बायथल में रजत पदक जीतकर नीमच का बढ़ाया गौरव**

## दो वर्षों की मेहनत और राष्ट्रीय सफलता, अस्मि भटनागर बनी राष्ट्रीय पदक विजेता



**नीमच।** प्रतिभा, मेहनत और दृढ़ संकल्प का शानदार उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नीमच की होनहार खिलाड़ी अस्मि दीपेंद्र भटनागर ने 15वीं मॉडर्न पेंटाथलॉन बायथल-ट्रायथल राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। अस्मि ने प्रतियोगिता में ट्रायथल स्पर्धा में स्वर्ण पदक तथा बायथल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर मध्यप्रदेश और नीमच जिले का नाम गौरवान्वित किया।

विशेष बात यह है कि अस्मि ने खेल जगत में अपेक्षाकृत बहुत कम समय पहले कदम रखा था। मात्र दो वर्षों के प्रशिक्षण और निरंतर अभ्यास के बाद राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना उनकी प्रतिभा, अनुशासन और समर्पण का प्रमाण है। आज अस्मि राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी के रूप में उभरकर सामने आई हैं और जिले की युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बन गई हैं। अस्मि प्रतिष्ठित भटनागर परिवार से संबंध रखती हैं। अस्मि स्वर्गीय श्यामसुंदर भटनागर की पोती है उनकी इस सफलता के पीछे परिवार का सहयोग और प्रोत्साहन महत्वपूर्ण रहा है। विशेष रूप से उनकी माता प्रियंका भटनागर ने हर कदम पर उनका मार्गदर्शन, उत्साहवर्धन और सहयोग किया। नियमित अभ्यास, प्रतियोगिताओं में सहभागिता तथा खेल के प्रति सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में देशभर के खिलाड़ियों के बीच अस्मि ने तैराकी, रनिंग एवं शूटिंग जैसे चुनौतीपूर्ण कौशलों का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया, वहीं बायथल स्पर्धा में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। उनकी यह उपलब्धि दर्शाती है कि सही मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत से कम समय में भी बड़े लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं। कोचों के मार्गदर्शन, परिवार के सहयोग और स्वयं की अथक मेहनत के बल पर अस्मि ने जो सफलता हासिल की है, वह आने वाले वर्षों में और भी बड़ी उपलब्धियों की मजबूत नींव साबित हो सकती है। खेल प्रेमियों और जिलेवासियों को उम्मीद है कि अस्मि भविष्य में राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का प्रतिनिधित्व कर नई सफलताएं अर्जित करेंगी।